राजस्थान मरुधरा ग्रामीण बैंक

अपना CIBIL स्कोर कैसे सुधारें

1. **समय पर लोन का भुगतान करना –** CIBIL स्कोर बढ़ाने के लिए अपने बकाया लोन का हमेशा समय पर भुगतान करें । समय पर EMI भुगतान करने से आपका CIBIL स्कोर हमेशा अच्छा बना रहता है । वहीं अगर आप EMI भरने में देरी करते हैं तो आपको लोन में पेनल्टी भी भरनी होती है और साथ ही आपका CIBIL स्कोर भी कम होता है ।
2. **अच्छा क्रेडिट बैलेन्स बनाएँ –** अगर आपने सिक्योर्ड और अनसिक्योर्ड दोनों लोन ले रखे हैं तो आपको पहले अनसिक्योर्ड लोन का भुगतान करना चाहिए क्योंकि सिक्योर्ड लोन लेने वाले व्यक्ति पर बैंक को अधिक भरोसा होता है । इसलिए हमेश सिक्योर्ड और अनसिक्योर्ड लोन के बीच तालमेल बनाए रखना चाहिए जिससे आपका क्रेडिट बैलेन्स अच्छा बना रहे ।
3. **गारंटी सोच समझ कर दें –** किसी भी अन्य व्यक्ति के लोन पर गारंटी सोच समझ कर दें क्योंकि अगर वह व्यक्ति लोन नहीं चुका पाता है तो इससे आपका CIBIL स्कोर प्रभावित होता है ।
4. **क्रेडिट कार्ड का अधिक उपयोग ना करें –** आपको अपने क्रेडिट कार्ड की लिमिट का हमेशा ध्यान रखना चाहिए । आपको कभी भी क्रेडिट कार्ड की लिमिट का 20% से अधिक खर्च नहीं करना चाहिए क्योंकि यह इस ओर संकेत करता है कि आपने बिना सोचे समझे फिजूल खर्च किया है, जिससे CIBIL स्कोर कम होता है ।
5. **क्रेडिट कार्ड बिल बकाया ना रखें –** आपको कभी भी क्रेडिट कार्ड का बिल बकाया नहीं रखना चाहिए क्योंकि इससे आपका CIBIL स्कोर प्रभावित होता है । आपको तय समय से पहले ही अपने क्रेडिट कार्ड का बिल चुका देना चाहिए ।
6. **लोन भुगतान की लंबी अवधि चुनें –** लोन भुगतान की लंबी अवधि चुनने पर EMI कम हो जाती है जिससे आप किस्त समय पर और आसानी से चुका सकते हैं । इससे आपका CIBIL स्कोर बढ़ाने में मदद मिलेगी ।
7. **ऑटो-पेमेंट सेट करें:** समय पर भुगतान सुनिश्चित करने के लिए रिमाइंडर या ऑटो-पेमेंट का उपयोग करें।

अच्छे सिबिल स्कोर के मुख्य लाभ:

1. **लोन की आसान मंजूरी:** बैंकों और एनबीएफसी (NBFC) द्वारा उच्च सिबिल स्कोर वाले व्यक्तियों को आसानी से लोन दिया जाता है। लोन रिजेक्शन की संभावना कम हो जाती है।
2. **कम ब्याज दर:** अच्छे सिबिल स्कोर वाले व्यक्तियों को लोन और क्रेडिट कार्ड पर कम ब्याज दर का लाभ मिलता है।
3. **शीघ्र स्वीकृति प्रक्रिया:** अच्छे स्कोर वाले व्यक्तियों के लोन और क्रेडिट कार्ड आवेदन को तेज़ी से स्वीकृत किया जाता है।
4. **ज्यादा क्रेडिट लिमिट:** वित्तीय संस्थान उच्च क्रेडिट स्कोर वाले व्यक्तियों को अधिक क्रेडिट लिमिट प्रदान करते हैं।
5. **प्री-अप्रूव्ड ऑफर:** अच्छे सिबिल स्कोर वाले ग्राहकों को प्री-अप्रूव्ड लोन और क्रेडिट कार्ड ऑफर मिलते हैं।
6. **बेहतर शर्तों पर लोन:** उच्च सिबिल स्कोर वाले व्यक्तियों को लोन पर बेहतर शर्तें, जैसे लचीली भुगतान योजना या प्रोसेसिंग फीस में छूट मिल सकती है।
7. **प्रीमियम उत्पादों तक पहुंच:** अच्छे क्रेडिट स्कोर के साथ प्रीमियम क्रेडिट कार्ड, रिवॉर्ड प्वाइंट, कैशबैक और अन्य लाभ मिलते हैं।
8. **वित्तीय संस्थानों में विश्वास:** अच्छा सिबिल स्कोर वित्तीय संस्थानों का विश्वास बढ़ाता है, जिससे वाहन लोन, होम लोन और बिजनेस क्रेडिट जैसी सुविधाओं को पाना आसान हो जाता है।